# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B ++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांकः 19.05.2023

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 19.05.2023 गोरखपुर। महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने हेतु कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ हरिशंकर गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर को ''कट एज टेक्नोलॉजी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड'' एवं ''अपडेट नेपाल डॉट कॉम प्राइवेट लिमिटेड'' काठमांडू, नेपाल की संस्था के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हेतु नेपाल भेजा गया था।**

इस समझौते में दोनो संस्थाएं महाविद्यालय का सहयोग करते हुए तकनीकी के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेंगी तथा उक्त दोनों कंपनियां जो सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में काम करती हैं। इनसे दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ट्रेनिंग एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

**'कट एज टेक्नोलॉजी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' ने महाविद्यालय के दो शिक्षक डॉ. पवन कुमार पाण्डेय एवं डॉ. हरीशंकर गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल एकेडमी अवार्ड से भी सम्मानित किया है।** कंपनी का कहना है डॉ पाण्डेय एवं डॉ गुप्ता ने ऑनलाइन डॉक्यूमेंट कन्वर्जन के क्षेत्र में अकेडमिक स्तर पर बेहतरीन कार्य किया है जो आने वाले समय में कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों, रिसर्च स्कॉलर्स एवं विद्यार्थियों के लिए संजीवनी से कम नहीं होगा।

**इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की हमारा महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति** के रेलवे ट्रैक पर बुलेट ट्रेन को तरह चल चुका है और आने वाले समय में हम अन्य संस्थाओं के लिए भी उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेंगे। उन्होंने दोनो शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा की ग्लोबल एकेडमी अवार्ड जैसा सम्मान किसी भी शिक्षक के लिए गौरव की बात होती है और जब ये सम्मान दूसरे देश से प्राप्त हो तो निश्चित तौर पर आपका कार्य सराहनीय है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद एवं पूरा महाविद्यालय परिवार आज गौरवांवित है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उक्त जानकारी महाविद्यालय के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

**डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**